Date
02/05/2020

TEACHING OF SCIENCE

D.El.Ed. IInd Sem

Topic - Soil & Crops

Period. IIIrd

## कीटनाशक और उनका उपयोग ⇒

पादपो को रोगमुक्त रखने के लिये अनेक प्रकार की दवाओ का प्रयोग किया जाता है। पेस्टीसाइड (कीटनाशक) को इन्सेक्टीसाइड, हर्बीसाइट, रोडेन्टीसाइड तथा फन्जीसाइड में विभक्त किया गया है।

डी.डी.टी., बी.एच.सी., मिथाइल पैराथायोन और क्लोराइड आदि रसायन कीटनाशक कहलाते है।

कुछ रसायन खरपतवार को नष्ट करने के काम आते है, जैसे - 2,4D।

कुछ फफूँदी नाशी से फफूँद को नष्ट किया जाता है। जैसे - ऑफनॉल कैपटन आदि।

## कीटनाशको के लाभ ⇒

कीटनाशको का सबसे बड़ा लाभ ये है कि ये फसलो के लिये हानिकारक जीवाणुओ और कीट पतंगो को नष्ट कर देते है जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। साथ ही खाद्य सामग्री को बर्बाद होने से रोकने में कीटनाशक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

Scanned with CamScanner

## कीटनाशको के दुष्प्रभाव ⇒

कीटनाशक यद्यपि कृषि कार्य में अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हुये है लेकिन इनके कुछ दुष्प्रभाव भी है। जो निम्न प्रकार है-

1⇒ कीटनाशको के प्रयोग से जल प्रदूषण, थल प्रदूषण और वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है।

2⇒ कीटनाशको के अन्धाधुन्ध प्रयोग से भूमि के अम्लीय होकर बंजर हो जाने की सम्भावना बढ जाती है।

3⇒ जिन कीटो को कीटनाशको द्वारा समाप्त कर दिया जाता है वे पुनः अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढाकर उत्पन्न हो जाते है। इन्हीं कीटनाशकों का उन पर पुनः बहुत ही कम प्रभाव पडता है।

2/5/2020

Scanned with CamScanner